कार्यालय नगर पंचायत सतरिख बाराबंकी।

पत्र संख्या– 545 /न0पं0स0/ठेका नीलाम/2023–24 दिनॉक 13 फरवरी 2024

नीलामी सूचना

इस कार्यालय के पत्र संख्या–375 दिनॉक 17–11–2023 एवं पत्र संख्या–485 दिनॉक 05–01–2024 के द्वारा ठेका टैक्सी स्टैण्ड की नीलामी हेतु तिथि निर्धारित की गयी परन्तु निर्धारित तिथि पर किसी भी बोलीदाता द्वारा बोली में प्रतिभाग न किये जाने के कारण नीलामी प्रक्रिया पूर्ण नही की जा सकी। पुनः वर्ष 2023–24 की अवशेष अवधि एवं वर्ष 2024–25 की अवधि दिनॉक 31–03–2025 तक के लिये टैक्सी स्टैण्ड/हड्डी चमडा की खुली नीलामी दिनॉक 20–02–2024 को समय 11:30 बजे कार्यालय नगर पंचायत सतरिख के सभाकक्ष में आयोजित की जाती है। इच्छुक व्यक्ति उक्त तिथि एवं निर्धारित समय व स्थान पर उपस्थित होकर नगर पंचायत द्वारा निर्धारित जमानत राशि जमा करके नीलामी में भाग ले सकते है। यदि किसी कारण से दिनॉक 20–02–2024 को नीलामी सम्पन्न नही हो पाती है तो पुनः दिनॉक 21–02–2024 एवं 22–02–2024 को प्रातः 11:30 बजे से नीलामी की जायेगी। नीलामी की नियम एवं शर्ते व अन्य किसी भी प्रकार की जानकारी कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस में की जा सकती है।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत सतरिख
बाराबंकी।

अध्यक्ष
नगर पंचायत सतरिख
बाराबंकी।

नोट–यदि आपके स्तर से किसी प्रकार की टंकण त्रुटि होती है तो उसका पुनः प्रकाशन आपकी ओर से निःशुल्क किया जायेगा।

प्रतिलिपिः–

1– समस्त सदस्यगण नगर पंचायत सतरिख बाराबंकी को सूचनार्थ प्रेषित।

2– सम्पादक/संवाददाता हिन्दी दैनिक समाचार पत्र **हिन्दुस्तान बाराबंकी एवं राष्ट्रीय सहारा** को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना का प्रकाशन समाचार पत्र के अगले अंक में 50 वर्ग सेमी0 के स्थान में प्रकाशित करते हुये समाचार पत्र की तीन–तीन प्रतियों सहित भुगतान हेतु बिल प्रस्तुत करें।

3– मो0 आफाक सफाई नायक नगर पंचायत सतरिख को इस निर्देश के साथ कि कस्बा सतरिख में डुग्गी मुनादी कराके व्यापक प्रचार प्रसार करायें।

4– नगर पंचायत सतरिख बाराबंकी के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने एवं नगर पंचायत सतरिख की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

5– सम्बन्धित पत्रावली में रखने हेतु।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत सतरिख
बाराबंकी

Scanned with CamScanner